- इनमें स्ट्रेप्टोमाइसिस समूह का वंश भी आता है, जिनसे महत्वपूर्ण प्रतिजैविक, स्ट्रेप्टोमाइसिन प्राप्त होता है।
- इसमें कुछ जीव ऐसे भी हैं जो रोग के कारण हैं, जैसे- तपेदिक (Tubeculosis), डिफ्थीरिया (Diptheria) आदि।

**आर्किबैक्टिरिया (Archaebacteria)**

- ये बैक्टिरिया अत्यधिक ताप व अम्लता की परिस्थितियों में रह सकते हैं। उदाहरण मेथेनोजन (Methanogens), लवणरागी (Halophiles), अधिताप- अम्ल रागी (Thermoacidophites) थर्मोएसिडोफाइट्स।

**नील-हरित शैवाल (Cyanobacteria or Blue Green algae)**

- नील-हरित शैवाल की संरचना जीवाणु से मिलती है तथा ये भी प्रौकैरियोटिक जीव है। ये प्रकाश संश्लेषण में सक्षम होते हैं।
- नील-हरित शैवाल की कुछ कोशिकाओं में हेटेरोसिस्ट

(Heterocyst) पाया जाता है जो नाइट्रोजन स्थिरीकरण का केन्द्र है।

- नील-हरित शैवाल में लैंगिग प्रजनन नहीं होता। इनमे खण्डन, द्विविखण्डन, हॉर्मोगोनिया (Hormogonia) द्वारा प्रजनन होता है।

### प्रोटिस्टा जगत (Protista)

- इनके अन्तर्गत मुख्यतः एककोशिकीय, यूकैरियोटिक आदि **जलीय जीवधारी** आते हैं।
- ये मोनेरा तथा अन्य जीव जगत जैसे कवक, प्लान्टी आदि के बीच की कड़ी माने जाते हैं।
- प्रोटिस्टा में अलैंगिक जनन द्विविखण्डन (Binary fission) या बहुविखण्डन (Multiple fission) द्वारा होता है।
- लैंगिक प्रजनन युग्मक संलयन (Syngamy) अर्थात दो युग्मकों के संलयन से होता है।
- प्रोटिस्टा जगत में विभिन्न प्रकार के प्राणी इस प्रकार है। प्रकाश संश्लेषी प्रोटिस्टा – ये प्रोटिस्टा प्रकाश संश्लेषण में सक्षम है क्योंकि इनमें क्लोरोफिल उपस्थित रहता है। प्रकाश संश्लेषी प्रोटिस्टा में तीन प्रमुख संघ हैं:

  अ) डायनोफ्लैजीलेट्स (Dinoflagellates)

  ब) डायएटम्स (Diatoms)

  स) युग्लीना के समान कशाभी या यूग्लीनाभ (Euglenoid)
- अनेक डायनोफ्लैजीलेट्स जीव–संदीप्ति (Bio-luminescence) प्रदर्शित करते हैं। जिससे समुद्र की सतह जलते हुए अंगारो के समान दिखाई देती है। इसलिए इन्हें अग्नि शैवाल (Fire algae) भी कहते हैं।
- डायटम के मरणोपरान्त डायटमी मृत्तिका (Diatomaceous earth) प्राप्त होती है। डायटमी मृत्तिका समुद्री तल में जम जाती है, इसको पीसकर जो पाउडर प्राप्त होता है उसका प्रयोग टूथ–पेस्ट (Tooth paste) तथा धातु पॉलिश बनाने में किया जाता है।
- डायटमी मृत्तिका रन्ध्रीय (Porous) होने के कारण छन्नको (Filters) के बनाने में काम आती है।
- यूग्लीनाभ प्रोटिस्ट एक विलक्षण समूह है क्योंकि इसमे पाये जाने वाले जीवधारी जन्तुओं और पौधों, दोनों के लक्षण प्रदर्शन करते हैं। प्रकाश की उपस्थिति मे जीव प्रकाश संश्लेषण करते हैं तथा अन्धेरे में इनके हरितलवक लुप्त हो जाते हैं उदाहरण– यूग्लीना (Euglena)
- अधिकांश प्रकाश–संश्लेषी प्रोटिस्टो में कोशिका भित्ति होती है परन्तु यूग्लीना में इसका अभाव होता है, इसलिए इसे प्रोटोजोआ में शामिल किया जाता है।
- **यूग्लीना** पादपों तथा जन्तुओं के बीच की कड़ी माना जाता है।

### कवक *(Fungi)*

- कवक बहुकोशिकीय यूकैरियोटिक जीव हैं। ये परजीवी, सहजीवी और मृतोपजीवी (Saprophytes) होते हैं।
- इनका शरीर अनेक पतले तंतुओं का बना होता है, जिन्हे कवक तंतु (Hyphae) कहते हैं। ये तंतु मिलकर जाल बनाते हैं, जिन्हे कवक जाल (Mycelium) कहते हैं।
- कवक प्रकाश संश्लेषण नहीं कर सकते क्योंकि इनमें पर्णहरित नहीं होता।
- ये ज्यादातर बहुकेन्द्रकी (Coenocytic) होते हैं।
- इनकी कोशिका भित्ति काइटिन की बनी होती है।
- जनन लैंगिक और अलैंगिक दोनों तरीकों से होता है।
- कवक जगत दो प्रभागों में वर्गीकृत है:

  i) मिक्सोमाइकोफाइटा (Myxomycophyta)

  ii) यूमाइकोफाइटा (Eumycophyta)

**मिक्सोमाइकोफाइटा**

- इस फफूंदी या कवक को अवपंक फफूंदी (Slime moulds) भी कहते हैं। इनमें कोशिका भित्ति नहीं होती तथा इनका शरीर अमीबा के समान होता है जो अमीबाभ (Amoeboid) तरीके से गतिमान होकर ठोस खाद्य पदार्थ ग्रहण करता है। परन्तु कछ स्थितियों मे यह बीजाणु (Spores) उत्पादन करने वाली संरचना भी बनाते हैं।

**यूमाइकोफाइटा अथवा यथार्थ कवक**

- यह कवक यथार्थ कवक भी कहलाती है क्योंकि इसमें यथार्थ कवक के लक्षण पाये जाते हैं। इस कवक में स्पष्टतः एककोशिकीय या बहुकोशिकीय शरीर होता है। बहुकोशिकीय शरीर कवक तंतु (Hyphae) का बना होता है। ये सभी बीजाणु उत्पन्न करने वाली संरचनाएँ बनाते हैं।
- यूमाइकोफाइटा को निम्न वर्गों में बांटा गया है:

  i) **काइट्रिडियोमाइसिटिस** (Chrytridiomycetes)

  ii) **ऊमाइसेटीज** (Oomycetes)– उदाहरण श्वेत किट्ट

(White rust), मृदु रोमिल (Downy mildew)

iii) **जाइगोमाइसिटिज** (Zygomycetes)– उदाहरण ब्रेड फफूंदी (Bread mould or Rhizopus)

iv) **ऐस्कोमाइसिटिज** (Ascomycetes)– उदाहरण खमीर (Yeast), पैनिसिलियम (Pencillium or Pink mould), जिससे पेनिसिलिन दवा बनती है।

v) **बेसिडियोमाइसिटिज** (Basidiomycetes)- उदाहरण रस्ट (Rust) व स्मट (Smut)

vi) **ड्यूटरोमाइसिटीज** (Deuteromycetes)- अल्टरनेरिया (Alternaria), फ्यूजेरियम (Fusarium)

- लैंगिक प्रजनन के फलस्वरूप यथार्थ कवकों में बीजाणुओं का निर्माण होता है।

**उदाहरण**

i) ऊमाइसिटेज (Oomycetes) वर्ग के जीवों में निषिक्ताण्ड (Oospores) नामक बीजाणु बनता है।

ii) जाइगोमाइसिटीज (Zygomycetes) वर्ग के जीवों में युग्माणु (Zygospores) बीजाणु बनता है।

iii) ऐस्कोमाइसिटिज (Ascomycetes) वर्ग के जीवों में थैलीनुमा रचना जिसे एस्कस (Ascus) कहते हैं, उसमें 8 ऐस्कोबीजाणु (Ascospores) बनते हैं।

iv) बेसिडियोमाइसिटिज (Basidiomycetes) वर्ग के जीवों में बैसिडिया (Basidia) नामक रचना में 4 बैसिडियोबीजाणु (Basidiospores) बनते हैं।

## पादप जगत

***(Kingdom Plantae)***

- पादप बहुकोशिकीय, यूकैरियोटिक जीव हैं जिनकी कोशिकाएं, भित्ति द्वारा घिरी होती है। इनमें हरित लवक पाये जाते हैं, जिनमें पर्णहरित होता है जो प्रकाश संश्लेषण में मदद करते हैं।
- प्लान्टी मे ज्यादातर प्रकाश संश्लेषी, संवहनी ऊतक वाले जीव पाये जाते हैं।
- **संवहनी ऊतक–** वे ऊतक, जो पौधे में खनिजों, पानी तथा भोजन के परिवहन में काम आते हैं, जैसे दारू और पोषवाह (Xylem and Phloem)।
- जनन प्रक्रिया लैंगिक और अलैंगिक दोनों होती है। लैंगिक प्रक्रिया में एक के बाद एक अगुणित पीढ़ी (Gametophyte या युग्मकोदभिद्) और द्विगुणित पीढ़ी (Sporophyte या बीजाणुउदभिद्) का एकान्तरण चक्र चलता है।
- प्लान्टी जगत में पाये जाने वाले जीव हैं-

i) लाल, भूरा, हरे शैवाल (Algae)

ii) ब्रायोफाइट (Bryophytes)

iii) संवहन तंत्र वाले पौधे- जैसे आवृत्तबीजी, नग्नबीजी, टेरिडोफाइट

**I) शैवाल**

- **लाल शैवाल** (Rhodophyta)- ये समुद्री शैवाल है जो चट्टानों या दूसरे अन्य शैवालो से जुड़े रहते हैं। इसका लाल रंग वर्णक 'फाइकोएरिथ्रिन' (Phycoerythrin) के कारण होता है।
- **भूरा शैवाल** (Pheophyta)– ये समुद्री शैवाल है जो चट्टानों से जुड़े रहते हैं। इसका भूरा रंग 'फ्यूकोजैन्थिन' के कारण होता है।
- **हरा शैवाल** (Chlorophyta)– इनमें पर्णहरित होता है जिससे ये हरे रंग के होते हैं ये समुद्री तथा अलवणीय जल दोनों में पाये जाते हैं।

**II) ब्रायोफाइटा (Bryophyta)**

- ये बहुकोशिकीय स्थलीय जीव होते हैं जिनमें संवहनी ऊतक तथा जड़े नहीं होती। इसका पादप मुख्यतः **युग्मकोद्भिद्** (Gametophyte) होता है।
- ब्रायोफाइटा को तीन वर्गों में बांटा जाता है:

i) **हिपोटिसी** (Hepaticae) (Liverworts) उदाहरण- पोरेला (Porella), रिक्सिया (Riccia), मार्कंसिया (Marchantia)

ii) **ऐन्थोसिरोटी** (Anthocerotae) (Hornworts) उदाहरण- ऐन्थोसेरोस (Anthoceros)

iii) **मसाई** (Musci) (Mosses) उदाहरण- फ्यूनेरिया (Funaria), स्फेगनम (Sphagnum)

**III) A) टेरिडोफॉइटा (Pteridophyta)**

- इस वर्ग में वे पौधे हैं जिनमें बीज, व पुष्प नहीं बनते परन्तु संवहनी ऊतक (Vascular system) उपस्थित होता है, जैसे– दारू और पोषवाह।
- इसका मुख्य पौधा बीजाणुउद्भिद (Sporophyte) होता है, जिसमे जड़, पत्ती व स्तम्भ होता है।

- बीजाणु बीजाणुधानियों में उत्पन्न होते हैं।
- बीजाणुधानियां जिस पत्ती पर उत्पन्न होती है, उसे बीजाणुपर्ण (Sporophyll) कहते हैं।
- युग्माकोद्भिद् (Gametophyte) पौधे पर नर जननांग पुंधानी (Antheridium) तथा मादा जननांग (Archaegonium) उत्पन्न होते हैं।
- टेरिफाइटा के अन्तर्गत 4 सब-फाइलम आते हैं।
  1. साइलोफाइटा, उदाहरण- साइलोटम (Psilotum)
  2. लाइकोफाइटा उदाहरण लाइकोपोडियम (Lycopodium)
  3. स्फिनोफाइटा, उदाहरण- इक्वीसीटम (Equisetum)
  4. टेरोफाइटा, उदाहरण- ड्रायोप्टेरिस या फर्न (Dryopteris)

**III) B) अनावृतबीजी (Gymnospermophyta)**

- इस वर्ग के पौधों के बीज नग्न रूप से पौधों पर लगे रहते हैं, अर्थात् बीजाण्ड (Ovules) अथवा बीज (Seed) किसी आवरण में बन्द नहीं होते।
- इनमें सिकोया डेन्डेरॉन (Sequoia dendron) नामक पेड़ भी शामिल हैं, जो सबसे **लम्बा पौधा** है।
- जिम्नोस्पर्म को दो भागों में बांटा जाता है:
  i) साइकैडोफाइटा (Cycadophyta), उदाहरण- साइकस।
  ii) कॉनिफेरोफाइटा (Coniferophyta), उदाहरण- पाइनस, जिंगो।

**III) C) आवृतबीजी (Angiosperms or Anthophyta)**

- ये बहुकोशिकीय पुष्पीय पादप हैं जिनमें उन्नत प्रकार के संवहनी ऊतक होते हैं। बीज अंडाशय मे बन्द होते हैं जो निषेचन के पश्चात फल में परिवर्तित होते हैं। इसे दो वर्गों में बांटा जाता है
  i) एकबीजपत्री (Monocotyledens)
  ii) द्विबीजपत्री (Dicotyledons)
- एकबीजपत्री बहुकोशिकीय नवीन पौधे होते हैं, जिनकी पत्तियों में समानांतर शिराएं (Parallel veins) होती है तथा फूलों के भाग अधिकतर तीन या उसके गुणकों में पाये जाते हैं तथा संवहनी ऊतक संवहनीय (Vascular bundle) पूलों में व्यवस्थित नहीं होते, उदाहरण- चावल, गेहूँ, प्याज।
- द्विबीजपत्री वे पौधे हैं जिनमें पत्ती का शिरा विन्यास (Reticulate venation) होता है तथा फूलों के भाग चार व पाँच गुणकों में होते हैं तथा संवहनी ऊतक संवहनीय फूलों में व्यवस्थित होते हैं, उदाहरण- सूरजमुखी, डहेलिया, सरसों, आम, बरगद।

**सारांश**

- शैवाल, ब्रायोफाइटा, टेरीडोफाइटा आदि बिना बीज के पौधे हैं। जिम्नोस्पर्म बिना आवरण वाले बीज के तथा ऐन्जियोस्पर्म आवरण वाले बीज के पौधे हैं।
- पृथ्वी पर पादपों का विकास क्रम

शैवाल → ब्रायोफाइट्स → टैरीडोफाइट्स → जिम्नोस्पर्मी → ऐन्जियोस्पर्मी।

## ऐनीमेलिया जगत (जन्तु जगत)

1. ऐनीमेलिया जीव यूकैरियोटिक होते हैं। इनकी कोशिका मे **कोशिका भित्ति** नहीं होती है तथा ये प्रकाश संश्लेषी भी नहीं होते।
2. देह गुहा अथवा सीलोम (Body cavity or Coelom)
   - देह भित्ति (Body wall) तथा आहारनाल के मध्य द्रव से भरी गुहा को सीलोम कहते हैं।
   - **अगुहिक प्राणी** (Acoelomate)- इनमें देह गुहा नहीं होती है।
   - **कूटगुहिक प्राणी** (Pseudoceolomate)- इनमें देह गुहा की वास्तविक संरचना नहीं होती है।
   - **यूसीलोमेटा प्राणी**- इनमें देह गुहा ऐपिथीलियम कोशिकाओं (Euceolomate) से रेखित होती है।
3. प्रोटोजोआ, पोरिफेरा, सीलेण्ट्रेटा में देहगुहा नहीं होती, अखंड कृमियों में कूटगुहा होती है तथा ऐनिलिडा, आथ्रोपोडा, मोलस्का, इकाइनोडर्मेटा तथा कॉर्डेटा आदि में वास्तविक देहगुहा होती है।
4. **देह खण्डीभवन** (Body segmentation)- स्पंज, सीलेण्ट्रेट्स तथा अखंड (गोल) कृमियों में शरीर दो समान खंडो में विभाजित नही होता, परन्तु चपटे कृमियो से लेकर पृष्ठवंशियों तक शरीर खंडो में विभाजित होता है।
5. ऐनीमेलिया जगत को दो भागों में बांटा जाता है:

(i) प्रोटोजोआ तथा (ii) मेटाजोआ

- एक कोशिकीय प्राणी प्रोटाजोआ में तथा बहुकोशिकीय मेटाजोआ में आते हैं। प्रोटाजोआ के एक संघ तथा मेटाजोआ को 9 संघों में विभाजित किया जाता है।

7. **प्रोटोजोआ** (Protozoa)– इसमें एक कोशिकीय जीव आते हैं।

- इनमें पादाभों, कक्षाभों द्वारा प्रचलन होता है।
- इनमें सभी जैविक क्रियाएँ (भोजन ग्रहण, श्वसन, उत्सर्जन) एक ही कोशिका द्वारा होता है।
- ये परजीवी या स्वतंत्र जीवी होते हैं।
- प्रजनन लैंगिक तथा अलैंगिक दोनों विधियों द्वारा होता है। उदाहरण अमीबा, पैरामीशियम, जिआर्डिया।

8. **पोरीफेरा** (Porifera)

- ये बहुकोशिकीय जीव है जिनमें कोशिकाएं ऊतकों का निर्माण नहीं करती।
- इनमें अरीय सममिति (Radial symmetry) पाई जाती है।
- शरीर कंकाल कंटिकाओ (Spicules) का बना होता। शरीर पर असंख्य छिद्र (Ostia) पाए जाते हैं जिनके द्वारा जल तथा भोजन शरीर में पहुँचते हैं।
- शरीर की गुहा को स्पंज गुहा (Spongocoel) कहते हैं। जिसके द्वार को ऑस्कुलम कहते हैं, उदाहरण- स्पंज (Sycon)।

9. **सीलेनट्रेटा** (Coelentrata)

- इसे निडेरिया (Cnidaria) भी कहते हैं। क्योंकि इस संघ के जीवों में दंशक कोशिकाएं (Stinging cell) पाए जाते हैं। ये अरीय सममिति वाले, द्विस्तरीय प्राणी हैं।
- शरीर में एक गुहा होती है जिसे सिलेन्ट्रॉन (Coelentron) कहते हैं, ये अगुहिक प्राणी होते हैं।
- इन जन्तु के जीवन में दो अवस्थाएँ पॉलिप व मेड्यूसा मिलती हैं।
- जनन - लैंगिक व अलैंगिक दोनों प्रकार से होता है, उदाहरण-हाइड्रा, जेलीफिश, सी ऐनीमोन।

10. **प्लेटीहेल्मिन्थीज** (Platyhelminthes) चपटे कृमि

- इनका शरीर चपटा, त्रिस्तरीय, कोमल तथा देह गुहा रहित होता है।
- अधिकांशतः परजीवी होते हैं।
- उत्सर्जन के लिए विशिष्ट प्रकार की कोशिकाएं होती हैं जिन्हें ज्वाला कोशिकाएं (Flame cell) कहते हैं।
- प्रजनन तंत्र विकसित तथा द्विलिंगी होते हैं, उदाहरण- लिवर फ्लूक (Liver fluke), फीताकृमि (Tape worm)
- तन्त्रिका तंत्र साधारण होता है।

11. **एस्कीहेलेमेन्थीज** (Aschelminthes) अखंड कृमि

- इनकी देह में खंड नहीं होती।
- देहगुहा - कूटगुहा होती है।
- गोल शरीर दोनों ओर से नुकीला होता है।
- ये त्रिस्तरीय (Triploblastic) प्राणी है।
- तन्त्रिका तंत्र विकसित होता है परन्तु परिसंचरण तंत्र विकसित नहीं होता।
- एकलिंगी जीव, उदाहरण- ऐस्केरिस (Ascaris) वुचरेरिया (Wucherria)।

12. **सखंड कृमि** (Annelida ऐनीलिडा)

- शरीर मुलायम, लम्बा, खंडों में बँटा होता है। देह गुहा भी खंडों में बँटी होती है।
- प्रचलन के लिए काइटिन के बने सीटी (Setae) होते हैं।
- परिसंचरण तंत्र तथा तंत्रिका तंत्र विकसित होता है।
- उत्सर्जी अंग वृक्क के रूप में होते हैं।
- एकलिंगी तथा उभयलिंगी दोनों प्रकार के जीव पाए जाते हैं। उदाहरण– केंचुआ, जोंक, नेरीस।

13. **संघ आर्थोपोडा** (Arthopoda)

- यह सबसे बड़ा व सफल संघ है।
- खण्डयुक्त शरीर वाले जीव।
- शरीर तीन भागों में विभक्त होता है, सिर, वक्ष तथा उदर।
- इनकी देह गुहा हीमोसील कहलाती है। इसमें रूधिर भरा रहता है। इनके रुधिर में हीमोस्यानीन पाया जाता है।
- बाह्य कंकाल काइटिन का बना होता है।

14. **मौलस्का** (Mollusca)

- इनका शरीर मुलायम तथा खंडहीन होता है।
- श्वसन गिल्स (Gills) द्वारा होता है।
- शरीर की त्वचा एक आवरण से ढ़की होती है जिसे प्रावार (Mantle) कहते हैं। तथा उत्सर्जन वृक्कों द्वारा होता है, उदाहरण- घोंघा (Pila, पाइला), सीपी (Unio), ऑक्टोपस

Octopus

15. **इकाइनोडर्मेटा** (Echinodermata)

- ये त्रिस्तरीय, खण्डविहिन, समुद्री जीव है।
- शरीर अरीय होता है।
- त्वचा के नीचे चूने का अंतः कंकाल होता है।
- शरीर गोल, नलिका के आकार का या तारे के समान होता है।
- प्रचलन, भोजन ग्रहण करने हेतु नाल पाद (Tube fecet) होते हैं। ये संवेदी अंग का कार्य भी करते हैं।
- तंत्रिका तंत्र में मस्तिष्क विकसित नहीं होता, उदाहरण– सितारा मछली (Star fish) समुद्री अर्चिन, पंखतारा।

16. **कॉर्डेटा**

- कॉर्डेटा संघ के जन्तु के तीन मुख्य लक्षण हैं।
- **नोडोकॉर्ड**, जीवन में किसी न किसी अवस्था में क्लोम छिद्र तथा पृष्ठ सतह पर एक नालदार तन्त्रिका रज्जु का पाया जाना।

**कॉर्डेटा के कुछ मुख्य वर्ग**

i) **पिसीज** (Pisces) में असमतापी मछलियाँ सम्मिलित हैं। जल में रहने वाले जबड़े वाले जीव हैं। शरीर शल्कों से ढ़का होता है। क्लोम द्वारा श्वसन होता है; ये जीव पंखों द्वारा चलते हैं; इनके हृदय में दो कक्ष होते हैं। पिसीज के दो समूह होते हैं: कॉड्रिक्थीज तथा ऑस्ट्रिक्थीज। कॉन्ड्रिक्थीज (Chondrichthyes) जीवों के शरीर का अंतः कंकाल उपास्थि का बना होता है तथा ऑस्ट्रिक्थीज के शरीर का अंतः कंकाल अस्थि का बना होता है।

ii) **एम्फिबिया** (Amphibia)– ये जीव जमीन और पानी दोनों में रह सकते हैं। ये **असमतापी** कशेरूकी हैं। इनका शरीर चार टांगों से बना तथा बिना शल्क का होता है। हृदय तीन कक्षीय होता है जिसमें दो अलिंद और एक निलय होता है।

iii) **रेप्टीलिया** (Reptilia)– इनमें कुछ जीव जमीन पर तथा कुछ पानी में रहते हैं ये असमतापी जीव हैं।

- इनकी त्वचा सूखी तथा खुरदरी होती है तथा त्वचा पर शल्कों का बाह्य कंकाल होता है।
- श्वसन फेफड़ों द्वारा होता है।
- निषेचन शरीर के अन्दर होता है।
- इनका हृदय तीन कक्षीय होता है परन्तु मगरमच्छ का हृदय स्तानियों की भाँति **चार कक्षीय** होता है, उदाहरण– छिपकली, साँप, मगरमच्छ, कछुआ।

iv) **एवीज** (Aves) – यह पक्षी समतापी वर्ग है। इनका शरीर पंखो से ढ़का होता है। दैहिक तापमान अन्य प्राणियों से अधिक रहता है। मुख चोंच द्वारा घिरा रहता है तथा दाँत नहीं होते **अस्थियां खोखली** होती है, इनमें वायु कोषाएं (Air Pouches) होती हैं, हृदय चार कक्षीय होता है, उदाहरण– पावो (मोर), पैसर (चिड़िया)

v) **मैमेलिया** (Mammalia) – ये उच्चवर्ग के समतापी प्राणी हैं। इनका शरीर **बालों** से ढका होता है तथा ये कशेरूकी हैं। इनमें **दुग्ध ग्रन्थियाँ** पाई जाती है और भ्रूण का पोषण **अपरा** (Placenta) द्वारा होता है। इन जीवों का हृदय चार कक्षीय होता है, उदाहरण– कंगारू, मनुष्य।7

# 5. श्वसन

- श्वसन एक जटिल प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड गैसों का विनिमय होता है।
- ऊर्जा मुक्त करने के लिए पचित खाद्य पदार्थों का ऑक्सीकरण होता है।
- श्वसन एक जैव-रासायनिक प्रक्रिया है, जो कोशिकाद्रव्य तथा माइटोकॉन्ड्रिया में होती है।
- श्वसन के समय मुक्त ऊर्जा एडेनोसीन ट्राइफॉस्फेट (A.T.P.) में निहित होकर रासायनिक रूप में भंडारित होती है।

## श्वसन के दो प्रकार

1. वायवीय (Aerobic)
2. अवायवीय (Anaerobic)

## वायवीय या आक्सी श्वसन

**(Aerobic Respiration)**

- ऑक्सीजन द्वारा नियंत्रित श्वसन की प्रक्रिया वायवीय श्वसन कहलाती है।
- इस प्रक्रिया में खाद्य पदार्थों (ग्लूकोज) का आक्सीकरण $O_2$ की उपस्थिति में पूर्ण रूप से कार्बन डाइआक्साइड एवं जल में विखंडित हो जाता है एवं ऊर्जा मुक्त होती है। इस मुक्त ऊर्जा का उपयोग ATP उत्पादन में होता है।

ग्लाइकोलिसिस क्रेब चक्र

ग्लूकोज पायरूवेट $CO_2+H_2O$ + ऊर्जा ↑

कोशिका द्रव्य में

($O_2$ आवश्यक नहीं) ($O_2$ की उपस्थिति में)

$C_6H_{12}O_6+6O_2$ $6CO_2+6H_2O$ + 673 K.Cal. or 38 ATP

## अवायवीय या अनाक्सी श्वसन

**(Anaerobic Respiration)**

- जीवाणु परजीवीयों और यीस्ट जैसे जीवधारी खाद्य पदार्थों का ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में अपूर्ण रूप से $CO_2$ और सरल कार्बनिक पदार्थ जैसे एथिल एल्कोहल, एसिटिक अम्ल, साइट्रिक अम्ल, लेक्टिक अम्ल, आक्सेलिक अम्ल में हो जाता है।

$C_6H_{12}O_6$ $2C_2H_5OH+2CO_2$ + 21 K.Cal. or 2ATP↑

- अवायवीय श्वसन अत्यधिक पेष्ठीय क्रिया के समय हमारी पेष्ठियों में भी होता है एवं लेक्टिक अम्ल का निर्माण कर थकान उत्पन्न करता है।
- इस प्रक्रिया में कुछ पादपों एवं जीवाणुओं में एथिल एल्कोहल तथा पेष्ठियों में लैक्टिक अम्ल बनता है।

ग्लाकोलिसिस किण्वन

ग्लूकोज पायरूवेट $C_2H_5OH+H_2O$ऊर्जा

कोष्ठिका द्रव्य में $O_2$ की

$O_2$ आवष्ठयक नहीं अनुपस्थिति में

ग्लूकोज पायरूवेट लैक्टिक अम्ल

(थकान)

## वायवीय एवं अवायवीय श्वसन में अंतर

**वायवीय श्वसन**

1. ऑक्सीजन का उपयोग होता है।
2. कार्बन डाइऑक्साइड एवं जल अंतिम उत्पाद है।
3. यथेष्ट ऊर्जा मुक्त होती है।

**अवायवीय श्वसन**

1. ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में होता है।
2. एल्कोहल या लैक्टिक अम्ल व $CO_2$ अंतिम उत्पाद हैं।
3. अपेक्षाकृत कम ऊर्जा मुक्त होती है।

## पादपों में श्वसन

- $O_2$ एवं $CO_2$ श्वसन गैस हैं।
- प्राणियों की तुलना में पादपों का श्वसन निम्न रूपों में भिन्न होता है:

1. पादपों के सभी भाग, जैसे - मूल (जड़), तना, पत्ती आदि श्वसन करते हैं।
2. पादपों के एक भाग से दूसरे भाग तक गैसों का परिवहन बहुत कम होता है।

Gupta Classes

3. पादपों की श्वसन दर प्राणियों की अपेक्षा धीमी होती है।

- जड़े (मूल) मृदा में उपस्थित ऑक्सीजन को विसरण (Diffusion) की क्रिया द्वारा ग्रहण करते हैं।
- मूल रोम (Root Hair) Oxygen के सीधे सम्पर्क में रहते हैं।
- मूल रोमों से ऑक्सीजन जड़ की अन्य कोशिकाओं तक पहुँचती है।
- इस प्रकार $CO_2$ कोशिकाओं से मृदा की ओर विसरित होती है।
- जड़ के पुराने हिस्से जहाँ मूल रोम नहीं होते, वे मृद कोशिका से ढ़के होते हैं जिसमें सूक्ष्मरंध्र होते हैं जिन्हें **वातरंध्र** (Lenticels) कहते हैं, इसी के द्वारा मृदा और मूल की आंतरिक जीवित कोशिकाओं के बीच गैसीय विनिमय होता है।
- काष्ठीय (Woody) पादपों में गैसीय विनियम के लिए छाल पर वातरंध्र पाए जाते हैं।
- सूक्ष्मछिद्र जिसे रंध्र या Stomata कहते हैं पत्तियों की सतह पर पाए जाते हैं।
- श्वसन के लिए $O_2$ स्टोमेटा के द्वारा विसरित होकर पत्ती की कोशिकाओं तक पहुँच जाती है, जब कोशिकाओं में $CO_2$ की सांद्रता बढ़ जाती है तो वातावरण में मुक्त करने के लिए स्टोमेटा खुल जाते हैं।
- श्वसन गैसों का विनियम पत्तियों में विसरण द्वारा होता है।

## प्राणियों में श्वसन

**(Respiration in Animal)**

- अमीबा – श्वसन गैसें परिवेष्ठी माध्यम तथा कोशिका के बीच प्लाज़्मा - झिल्ली में से विसरित होकर अन्दर-बाहर आती जाती हैं।
- अधिकतर जलीय प्राणियों मछली, झींगा, सीप) में श्वसन के लिए **क्लोम** (Gills) पाए जाते हैं जो जल में विलीन ऑक्सीजन को अवशोषित कर लेते हैं तथा शरीर से कार्बन डाइऑक्साइड को बाहर निकालते हैं।
- स्थलीय प्राणियों जैसे कि छिपकली, पक्षी, मनुष्य में श्वसन अंग फुप्फुस (Lungs) होता है।
- केचुएं (Earthworm) में त्वचा, वायु से गैसों के विनिमय का कार्य करती है।
- मेंढ़क त्वचा और फुप्फुस दोनों से श्वास लेते हैं।
- काकरोच – काकरोच में नलिका - जैसी संरचनाएं - वातिकाएं (tracheae) तथा लघुवातिकाएं (tracheoles) होती हैं। वातिकाएं बाहर को स्पाइरेकल (spiracle) नामक रेखा-छिद्रों से खुलती हैं। स्पाइरेकल, वक्ष तथा उदर क्षेत्रों में अंतराखंडश्वा व्यवस्थित होते हैं। इन्हीं नलिकाओं के विशाखित तंत्र के द्वारा देह की कोशिकाएं एवं देह-तरल बाहर की वायु के साथ सीधा संपर्क बनाए रखते हैं। उदरीय पेशियों की सहायता से गैसें भीतर को जातीं और भीतर से बाहर को आती हैं।

## मनुष्य में श्वसन

- श्वसन की पूरी प्रक्रिया दो भागों में बँटी है:
  1. श्वासोच्छवास (Breathing)
  2. श्वसन अर्थात् श्वसनी पदार्थों का ऑक्सीकरण
- श्वासोच्छवास में $O_2$ वाली वायु फेफड़ों में जाती है, जहाँ पर $CO_2$ और $O_2$ का विनिमय होता है।
- श्वसन में श्वसनी पदार्थों का ऑक्सीकरण होता है। यह प्रक्रिया कोशिकाओं में होती है तथा ऑक्सीकरण के लिए रक्त द्वारा $O_2$ ऊतकों तक पहुँचती है और श्वसनी पदार्थों के ऑक्सीकरण के पश्चात बनी $CO_2$ रक्त द्वारा फेफड़ों में आकर निःश्वसन द्वारा निकाल दी जाती है।

वायु → नासाद्वार → नासागुहा → ग्रसनी → लैरिंक्स → श्वासनली → कूपिकाएँ → श्वसनिकाएँ → श्वसनियाँ → (वायुकोष्ठा)

## मनुष्य में श्वसनांग

**(Respiratory Organs in Man)**

- श्वसन तंत्र के अंतर्गत वे सभी अंग आते हैं जिससे होकर वायु का आदान-प्रदान होता है जैसे- नासिका, ग्रसनी, लैंरिक्स, ट्रेकिया, ब्रोंकाई एवं बैक्रियोल्स और फेफड़े।

1. **नासिका**- नासिका-छिद्रों में वायु ($O_2$) प्रवेश्ठा करती है। नासिका छिद्रों के भीतर रोम या बाल होते हैं जो धूल के कण तथा सूक्ष्मजीवों को शरीर में प्रवेश्ठा करने से रोकता है।
   - नासिका-छिद्रों की गुहा म्यूकस कला (Mucus membrane) से स्तरित होती है, जो म्यूकस स्रावित कर वायु को नम बनाती है।
2. **ग्रसनी** (Pharynx)- वायु नासिका-छिद्रों से ग्रसनी में आती है। इसकी पार्श्व भित्ति में मध्यकर्ण की यूस्टेकियन नलिका (Eustachian tube) भी खुलती है।
3. **लैरिंक्स** (Larynx)- इसे स्वर-यंत्र भी कहते हैं। इसका

मुख्य कार्य ध्वनि उत्पादन करना है। श्वासनली का ऊपरी सिरा एक छोटे छिद्र के द्वारा ग्रसनी से जुड़ा होता है जिसे **ग्लाटिस** कहते हैं ग्लाटिस एक कपाट द्वारा बंद होता है। इसे इपिग्लाटिस (Epiglatis) कहते हैं। यह ग्लाटिस द्वार को बंद करके भोजन को श्वासनली में जाने से रोकती है।

4. **ट्रेकिया** (Trachea)– यह वक्ष गुहा में होता है यहाँ यह दो शाखाओं में बँट जाती है इसमें से एक दायें फेफड़े में तथा एक बायें फेफड़े में जाकर फिर शाखाओं में विभक्त हो जाती है।
5. **ब्रोंकाई**– ट्रेकिया, वक्षीय गुहा में जाकर दो भागों में बँट जाती हैं जिसे ब्रोंकाई कहते हैं।
6. **फेफड़े** (Lung)– यह वक्ष गुहा में एक जोड़ी अंग है जिसका आधार डायाफ्राम पर टिका रहता है। प्रत्येक फेफड़ें में करोड़ों एल्वियोलाई (Alveoli) होते हैं।

- प्रत्येक फेफड़ा एक झिल्ली द्वारा घिरा रहता है जिसे **प्लूरल मेम्ब्रेन** (Pleural membrane) कहते हैं जिसमें द्रव भरा होता है जो फेफड़ों की रक्षा करती है।

### गैस-विनिमय तथा वर्ज्य पदार्थों का निष्कासन

**गैसीय अभिगमन (Gaseous Transport)**

**(क) ऑक्सीजन अभिगमन** (फेफड़ों से ऊतकों में) $O_2$ का कारगर रूप में अभिगमन एक सम्मिश्रण प्रोटीन हीमोग्लोबीन (haemoglobin) के द्वारा होता है। यह लौह–सम्पन्न प्रोटीन लाल रक्त कोशिकाओं (RBCs) के भीतर भरा होता है। हीमोग्लोबिन $O_2$ की उससे 67 गुना अधिक मात्रा ले जा सकता है जितना कि अन्य अकेला प्लाज़्मा ले जाता है। रक्त का ऑक्सीजनीकरण फेफड़ों के भीतर होता है।

ऑक्सीजन के अणु हीमोग्लोबिन के साथ एक उत्क्रमणीय बंधन बनाते हैं –

फुफ्फुस कूपिकाओं में

$Hb + 4O_2$      $Hb(4O_2)$

सक्रिय ऊतकों में

हीमोग्लोबिन      ऑक्सीहीमोग्लोबिन

**(ख) कार्बन डाइऑक्साइड अभिगमन** (ऊतकों से फेफड़ों में)

सक्रिय ऊतक लगातार $CO_2$ बनाते रहते हैं। इस $CO_2$ को फेफड़ों तक लाना होता है ताकि उसको वहाँ पर बाहर निकाला जा सके। $CO_2$ का अभिगमन तीन विधियों से हाता है –

1. रक्त प्लाज़्मा में भौतिक रूप में घुली हुई। (इस विधि में कुल अभिगमित $CO_2$ का केवल 8% भाग ही ले जाया जाता है)।
2. RBCs के हीमोग्लोबिन में सीधे संयोजित होकर जिससे कार्बेमीनोहीमोग्लोबिन (Carbaminobaemo-globin) बन जाता है। (केवल लगभग 11 प्रतिशत)
3. प्लाज़्मा में घुली होकर बाइकार्बोनेटों (bicarbonates) के रूप में $CO_2$ का सबसे बड़ा अंश यही होता है, लगभग 81 प्रतिशत।

- फेफड़ों के भीतर इन तीनों अभिगमित स्वरूपों में लायी गई $CO_2$ कूपिकीय वायु में छोड़ दी जाती है और अंततः वहाँ से सांस द्वारा बाहर निकाल दी जाती है।

## मानव में श्वासोच्छवास की विधि

**(Mechanism of Breathing in Man)**

- इसे फुफ्फुस संवातन (Pulmonary Ventilation) भी कहते हैं
- यह प्रक्रिया दो उपचरणों में विभाजित है:

### 1. अंतःश्वसन (Inspiration)

- अंतःश्वसन के दौरान डायाफ्राम की अरीय मांसपेशियाँ (Radial muscles) तथा बाह्य अन्तरापर्शुक पेशी (External Intercostal muscle) सिकुड़ती है।
- जिसके फलस्वरूप डायाफ्राम उदर की ओर झुक जाता है और फुफ्फुस में वायुदाब कम होने लगता है, इसलिए वायु वातावरण से नासिका द्वारा फेफड़ों में प्रवेश करती है।
- इस प्रकार अंतःश्वसन में फुफ्फुस के भीतर वायु का आना उसके भीतर वायुदाब पर निर्भर करता है।

### 2. निःश्वसन (Expiration)

- निःश्वसन के दौरान डायाफ्राम की आरीय पेशियों में तथा अन्तः अन्तरापर्शुक पेशियों में शिथलन होती है जिसके कारण डायाफ्राम वक्ष की ओर ऊपर उठता है और वक्षीय भित्ति भीतर की ओर गति करती है। इससे फुफ्फुस में वायुदाब अधिक हो जाता है और फेफड़ों से वायु नासिका से होती हुई बाहर चली जाती है।

## श्वसन से संबंधित तथ्य

- सामान्य अवस्था में श्वसन की दर 15–18 प्रति मिनट है।
- कठिन परिश्रम या व्यायाम के समय श्वसन दर 20 से 25 गुणा बढ़ जाती है।

Gupta Classes

- छ्वास लेने की क्रिया के प्रत्येक चक्र में लगभग 500 मिली. वायु अंत: छ्वसन एवं नि:छ्वसन होता है।
- 24 घंटे में हम 15000 लीटर वायु का अंत: छ्वसन करते है।
- वायु छ्वसन के दौरान एक ग्लूकोज अणु से 36 से 38 ATP अणु बनते हैं, जबकि अवायु छ्वसन में सिर्फ 2ATP अणु बनते हैं।

**छ्वासन तथा छ्वसन में अंतर**

| **छ्वासन** (Breathing) | **छ्वसन** (Respiration) |
|---|---|
| 1. यह एक भौतिक क्रिया है | 1. यह एक रासायनिक प्रक्रिया है। |
| 2. इसमें छ्वासन मार्ग तथा फेफड़े निहित हैं। | 2. यह प्रत्येक कोष्ठिका के भीतर होता है। |
| 3. इसमें वायु का अंत:छ्वासन तथा बाह्यछ्वासन होता है। | 3. इसमें ग्लूकोज़ का ऑक्सीकरण होता है जिससे ऊर्जा का विमोचन होता है। |

**तीन सामान्य छ्वासन ( फुफ्फुस ) दोष**

| | |
|---|---|
| दमा (Asthma) | छ्वास लेने में कठिनाई क्योंकि छ्वसनिकाएँ संकीर्ण हो गयी होती हैं। कभी-कभार पर्यावरण में पाए जाने वाले कुछ खास कारकों के कारण भी यह दोष हो जाता है। |
| निमोनिया (Pneumonia) | बैक्टीरिया के संक्रमण से फेफड़ों में छ्योथ हो जाता है। प्रकट लक्षण हैं- ज्वर, पीड़ा तथा बहुत ज्यादा खांसी। |
| क्षयरोग (Tuberculosis) | फेफड़ों के भीतर ऊतकों के पिंड से बन जाते हैं जो बैक्टीरिया के कारण बनते हैं। यह एक संक्रामक रोग है। अतिसीमा हो जाने पर खांसते समय खून आ जाता है। BCG के टीकाकारण से क्षय रोग से बचा जा सकता है |

**छ्वसन के दौरान अदलते-बदलते आयतन**

| | | |
|---|---|---|
| ज्वारीय आयतन (Tidal volume) | बिना किसी प्रकट प्रयास के (यानी सामान्य छ्वास लेने में) भीतर ले जायी जाने और बाहर निकाली जाने वाली वायु का आयतन | 300 मि.ली. |
| सर्वाधिछ्वास धारिता (Vital capacity) | उस वायु का आयतन जो गहरे से गहरे सांस लेने और अधिक से अधिक साँस छोड़ने में छ्यामिल है। | 400 मि.ली. |
| अवछ्योष आयतन (Residual volume) | उस वायु का आयतन जो अधिक से अधिक भींच कर सांस निकालने के बाद भी फेफड़ों में बची रह जाती है | 1000 मि.ली. से 1500 मि.ली तक |
| संपूर्ण फुफ्फुस धारिता (Total Lung Capacity) | सभी फुफ्फुस आयतनों का जोड़ (अधिकतम वायु जो किसी भी समय दोनों फेफड़ों में संग्रहित हो सकती है) | 5500 मि.ली. से 6000 मि.ली. |



Gupta Classes

धूम्रपान करने वालों तथा क्षयरोग से ग्रस्त व्यक्तियों में श्वासधारिता बहुत कम हो जाती है। इसके विपरित खिलाड़ियों तथा गायकों में यह धारिता बहुत बढ़ जाती है।

**मानव के श्वसन अंगों की संरचना और उनके प्रकार्य**

| अंग | संरचना | प्रकार्य |
|---|---|---|
| नासा द्वार (Nostrils) | नाक के छिद्र | अनचाहे कणों का छन जाना |
| नासागुहा (Nasal cavity) | श्लेष्मा झिल्ली एवं सिलिया से आवरित | धूल तथा बैक्टीरिया को फाँस लेते, वायु को गर्म एवं आर्द करते हैं। |
| ग्रसनी (Pharynx) | पेश्ठीय नली | श्वसन और पाचन दोनों तंत्रों के मार्ग बनाती है, परंतु पीछे के भाग में दोनों को पश्चक करने के लिए एक एपिग्लॉटिस होता है। |
| लैरिंक्स (Larynx) | एक कड़ा कक्ष जिसके भीतर स्वर-रज्जु होते हैं | ग्रसनी को श्वासनली के साथ जोड़ता है। |
| श्वासनली (Trachea) (वायु नली) | सी-आकृति के कार्टिलेजी वलयों द्वारा आलम्बित | श्वसनियों तक वायु का मार्ग, फेफड़ों में प्रवेश्ा |
| श्वसनी (Bronchus) (बहुवचन Bronchi) | प्रत्यास्थ सिलियायित तथा श्लेष्मी | फेफड़ों में श्वसनिकाओं के रूप में प्रवेश्ा |
| श्वसनिकाएँ (Bronchioles) | श्वसनी की छोटी अंतिम श्ााखाएँ | वायु को कूपिकाओं में पहुँचाती हैं। |
| कूपिकाएँ (Alveoli) (वायु कोश्ा air sacs) | इनमें रक्त कोश्ािकाएँ होती हैं | गैसों का विनिमय |

एपिग्लॉटिस (Epiglottis) एक पल्ले जैसी संरचना होती है जो वाल्व का कार्य करती है। खाना निगलते समय यह फेफड़ों की सुरक्षा करती है। *एपिग्लॉटिस निगले गए खाने को वायनली में जाने से रोकता है।*

# 6. पोषण

- जीवों द्वारा भोजन प्राप्त करने की प्रखिया को पोषण कह हैं।
- पोषण की दो विखियाँ होती हैं-

## 1. स्वपोषण (Autotrophic Nutrition)

- इसमें जीवखाारी सरल पदार्थों से भोजन का निर्माण करते हैं। ऐसे जीवखाारियों को स्वपोषी अथवा उत्पादक (Autotrophic & producer) कहते हैं। सभी हरे पौखो प्रकाश संश्लेषण द्वारा प्रकाश की उपस्थिति में जल व कार्बन डाइऑक्साइड क उपयोग करके पखियों में उपस्थित पर्णहरित (Chlorophyll) की सहायता से कार्बनिक पदार्थों का संश्लेषण करते ह
- यह दो प्रकार के होते हैं -

  (i) Photosynthetic (प्रकाश संश्लेषक)

  (ii) Chemosynthetic (रसायन-संश्लेषक)

## 2. परपोषण या विषमपोषण

**(Heterotrophic Nutrition)**

- वे जीवखाारी जो स्वयं प्रकाश संश्लेषण द्वारा भोजन निर्मा करने में असमर्थ होते हैं। वे भोज्य पदार्थों के लिए उ खोतों पर निर्भर होते हैं। ये **परपोषी** (Heterotrophs) कहलाते हैं।
- परपोषी दो प्रकार के होते हैं :-

अ) **मृतोपजीवी** (Saprophytes)- मृत शरीर से भोजन प्र करने वाले जीवखाारियों को मतोपजीवी (Saprophytes) कहते हैं, उदाहरण- कुकुरमुखाा (Mushroom), जो सड़ी पखियों पर उगता है तथा डबलरोटी फफंदी. दही में लैक्टोबेसि जीवाण।

ब) **परजीवी** (Parasites)- वे जीवखाारी जो अपने भोजन लिए दूसरे जीवखाारी पर आश्रित होते हैं उन्हें परजीवी कहते हैं। वे जीवखाारी जो पोषण प्रदान करते हैं, उन्हे **पोषी** (Host) कहते हैं. उदाहरण- मलेरिया परजीवी प्लाज्म (Plasmodium). टेपवर्म या फीताकृमि (Tapeworm). अमरबेल (Cuscuta)।

## पौखों में पोषण

- प्रकाश संश्लेषण की प्रखिया द्वारा पौखों में भोज्य पदार्थों का निर्माण होता है। परन्तु इसके अलावा इन्हें अन्य ख पदार्थों- जैसे नाइटखेट, सल्फेट, फॉस्फेट आदि की आवश्यकता होती है। ये पदार्थ अन्य कार्बनिक पदार्थ जैसे अमीनो अम्ल. प्रोटीन आदि बनाने में काम आते हैं। इस प्रकार अकार्बनिक खनिज पदार्थ, खनिज तत्वों से निर्मित है तथा पौखों द्व इनका अवशोषण खनिज पोषण (Mineral Nutrition) कहलाता है।
- विभिन्न तत्व पौखो के वृद्धि तथा प्रजनन के लिए आवश्यक हैं। इनकी कमी कोई अन्य चीज पूरा नहीं कर सकती। नीचे दी गई सारणी में पौखों में पाए जाने वाले तत्वों के कार्य तथा उनकी कमी से होने वाले लक्षणों का उल्लेख किया गया है।

## पौखो के लिए तत्वों के खोत

1. वातावरण से पौखों को $CO_2$ के रूप में C तथा O तत्व मिलते हैं।
2. जल के रूप H तथा O मिलते हैं।
3. पौखो मृदा से Cu, Mg, Fe, Mn आदि जडों द्वारा अवशोषित कर लेते हैं।
4. पौखों को न्यूक्लिक अम्ल, प्रोटीन बनाने के लिए नाइटजेजन की आवश्यकता होती है। पौखो इन्हें वायु से सीखो ग्रहण नहीं कर सकते, अतः कुछ पौखों में नाइटजेजन स्थिरीक जीवाण वायु में मौजूद $N_2$ को नाइटखेट ($NO_3^-$) तथा नाइटजइट ($NO_2^-$) तथा अमोनिया ($NH_4^+$) लवण में परिवर्तित करते हैं। पौखो इन्हें अवशोषित करने में समर्थ होते हैं।

## नाइटजेजन स्थिरीकरण

- लैग्यूमस (Legumes) फलीदार पौखों, जैसे- चना, मटर, मूंगफली आदि में नाइटजेजन स्थिरीकरण जीवाणु 'राइजोबि (Rhizobium) जड़ों में रहता है। यह नाइटजेजन स्थिरीकरण का कार्य करता है
- इसके अतिरिक्त नाइटजेसोमोनस (Nitrosomoas), एजेटोबेक्टर (Azotobacter), कुछ कवक व नील-हरित शैवाल भी $N_2$ स्थिरीकरण कर सकते हैं

- $N_2$ स्थिरीकरण के लिए नाइटजेजिनेज (Nitrogenase) नामक एन्जाइम की आवश्यकता होती है। इसकी मदद $N_2$ स्थिरीकरण जीवाणु $N_2$ को $NH_4^+$ में परिवर्तित करते हैं तथ $NH_4^+$ का ऑक्सीकरण के पश्चात् यह खमशः $NO_2^-$ तथ $NO_3^-$ में परिवर्तित होता है। $NH_4^+$ के ऑक्सीकरण के लिए नाइटजेसोमोनस तथा नाइटजेबेक्टर जीवाण की आवश्यक होती है।

**उदाहरण–**

नाइटजेसोमोनस

$NH_4^+$ (अमोनियम) —Oxidation→ $NO_2^-$ (नाइटजइट)

नाइटजेबैक्टर

$NO_2^-$ (नाइटजइट) —Oxidation→ $NO_3^-$ (नाइटज्ेट)

- उपरोक्त दोनों अभिखियाओं को संयक्त रूप से **नाइटजेजनीकरण** कहते हैं।

## पोषण से संबंखित कछ परिभाषाएँ

**( जन्तओं से संबंखित परिभाषा )**

**परजीवी**
- बाख परजीवी (Ectoparasite)
- अन्तः परजीवी (Endoparasite)

**बाख परजीवी** (Ectoparasite)

- बाख परजीवी, पोषी के शरीर में बाहर खपरी सतह पर रहते हैं. जैसे- जँ. खटमल।

**अन्तः परजीवी** (Endoparasite)

- ये पोषी के शरीर के अन्दर विद्यमान रहते हैं, य . कोशिका के भीतर रहते हैं तो अन्तः कोशिकीय परर्ज (Intra cellular parasite) तथा यदि ये कोशिका के बा खतक में रहते हैं. तो इन्हे अन्तराकोशिकीय परजीवी (Inter cellular parasite) कहते हैं, उदाहरण– प्लाज्मोडियम अन्तः परजीवी है तथा एन्टअमीबा अन्तराकोशिकीय परजीवी है

**फलभक्षी** (Frugivores)

- वे जन्तु जो केवल फलों को खाकर अपना जीवन नि करते हैं. जैसे– तोता

**रुखिाराहारी** (Sanguivores)

- वे जन्तु जो दूसरे जन्तुओं के रूखिार को चूसकर उसे भोजन स्वरूप ग्रहण करते ं. जैसे– जोंक या लीच।

**कीटभक्षी** (Insectivores)

- वे जन्तु जो केवल कीटों को खाते हैं. जैसे– मेंढक. टो स्पाइनी।

**मतभक्षी** (Carrion Eater)

- वे जन्तु जो केवल मृत जन्तुओं के माँस को खाकर जीवन-निर्वाह करते हैं. उन्हें मतभक्षी कहते हैं. जैसे– गिद्ध।

**स्वजातिभक्षी** (Cannibals)

- वे जन्तु जो अपनी ही जाति के जीवों के माँस को खाव जीवन-निर्वाह करते हैं. जैसे –कॉकरोच

**विष्ठाभोजी** (Coprophagous)

- खरगोश, खरहा आदि अपने ही मल को पुनः खाते हैं औ सेललोस का पर्ण पाचन कर पाने में समर्थ होते ं

## पादपों से संबंखित परिभाषाएं

**परजीवी पौखो** (Parasitic Plants)

- ये पौखो अपना भोजन दूसरे पौखों की कोशिकाओं से विशिष्ट अंगो, जिन्हे **चषकांग** (Haustoria) कहते हैं. द्वारा प्रा करते हैं।

**उदाहरण–**

अमरबेल, गंठवा, ये पर्ण परजीवी (Total parasite) हैं जो पूर्ण रूप से पोषी (Host) पर निर्भर करते हैं। चंदन, विस्कम, लोरेन्थस आंशिक परजीवी (Partial parasite) हैं ये पौखो जल तथा खनिज लवणों का पोषी की कोशिकाओं से अवशोषि करके अपना भोजन स्वयं बनाते ं

**सहजीवी पौखो** (Symbiotic plant)

- जब दो पौखो इस प्रकार से संबंखित रहते हैं कि . एक-दूसरे के लिए लाभकारी हो तो उसे सहजीवित कहते हैं तथा पौखों को सहजीवी पौखो कहते हैं।

**उदाहरण–**

लाइकेन (Lichens). यह कवक तथा शैवाल के बीच संबंख

स्थापित होने से बनता है। कवक, शैवाल के लिए खनि लवण तथा पानी अवशोषण करता है तथा शैवाल भ निर्माण करता है

- इसी प्रकार राइजोबियम जीवाणु तथा फलीदार पौखो जडों का संबंखा भी सहजीविता का उदाहरण

**कीटभक्षी पौखो** (Insectivorous Plants)

- ये पौखो $N_2$ की कमी वाले स्थान पर उगते हैं और ये इसकी कमी को पूरा करने के लिए कीटों का भक्षण करते हैं। इन्हें माँसाहारी पौखो भी कहते हैं. जैसे- डञेसेरा. डायोनिया. नेपेन्थीस आदि।

## प्रकाश संश्लेषण (Photosynthesis)

- हरे पादप तथा कुछ जीवाणु सूर्य की खर्जा को अवशोषि कर उसे रासायनिक रूप में बदलने में समर्थ होते है, जिससे शर्करा का संश्लेषण होता है। इस प्रखिया को संश्लेषण कहते हैं।
- प्रकाश संश्लेषण के लिए कच्चे माल के रू (i) पर्णहरित तथा $CO_2$ के अपचयन के लिए हाइडञेजन दाता की आवश्यकता होती है। (ii) पर्णहरित हरे रंग का वर्णक है, जो हरितलवक (Chloroplast) नामक कोशिकांगो में स्थित होता है। (iii) हरितलवक के दो भाग होते हैं पहला- (Grana) तथा दूसरा- स्टञेमा (Stroma)। ग्रेना में प्रका अभिखिया (ऑक्सीकरण) व स्टञेमा में रात्रिकालीन रसायनिक (अपचयन) खिया होती है।
- प्रकाश संश्लेषण प्रखिया में $CO_2$ का अपचयन (Reduction) होता है जिससे कार्बोहाइडञ्ट (Carbohydrate) बनता है $CO_2$ के अपचयन के लिए हाइडञेजन दाता की आवश्यकता होती है जिसकी पर्ति सल्खर जीवाण में $H_2S$ तथा पादपों मे $H_2O$ करता है।

**उदाहरण**

**सल्फर जीवाण में प्रकाश संश्लेषण की प्रखिया**

$$6CO_2+12H_2S \longrightarrow C_6H_{12}O_6+6H_2O+12S$$

**पादपों में प्रकाश संश्लेषण की प्रखिया**

$$6CO_2+12H_2O \longrightarrow C_6H_{12}O_6+6O_2\uparrow$$

## प्रकाश संश्लेषण की प्रखिया

- प्रकाश संश्लेषण की पर्ण प्रखिया दो चरणों में होती है
  1. प्रकाशिक अभिखिया (Light reaction)
  2. अप्रकाशिक अभिखिया (Dark reaction)

### 1. प्रकाशिक अभिखिया (Light reaction)

- यह अभिखिया ग्रेना (Grana) में संपन्न होती है। इस प्रखिया के दौरान कछ रासायनिक पदार्थ भाग लेते हैं जै $H_2O$. पर्णहरित ATP, NADP (Nicotinamide Adenine diphosphate) एक हाइडञेजन ग्राही पदार्थ है, जो हाइडञेजन ग्रहण करके $NADPH_2$ में परिवर्तित हो जाता है
- ATP कोशिकाओं में विभिन्न प्रखियाओं के बीच खर्जा समन्वय स्थापित करता है। जब खर्जा की आवश्यकता होती है ATP टूटकर ADP+P में परिवर्तित हो जाता है और इस संचित खर्जा इस्तेमाल के लिए मक्त हो जाती है

**जैसे** – $ATP \longrightarrow ADP + P$ + खर्जा

**प्रखिया** (Process)

- प्रकाशिक अवस्था के दौरान पर्णहरित तथा अन्य वर्णक जैसे कैरोटिन तथा जैन्थोखिल प्रकाश का अवशोषण करते जिसके कारण पर्णहरित के इलेक्टञॅन उखोजित हो जाते हैं और जब यह इलेक्टञॅन इस खर्जा को मुक्त करता है तो ADP में P जुड़कर ATP बनाता है। इसके अलावा उखोजित इलेक्टञॅनों द्वारा जल के अणओं का $H^+$ तथा $OH^-$ आयनों में अपघटन होता है।

$$4H_2O \longrightarrow 4H^+ + 4OH^-$$

- इनसे प्राप्त $H^+$ आयन को हाइडञेजन ग्राही पदार्थ NADP ग्रहण करता है तथा $NADPH_2$ में परिवर्तित हो जाता है। तथा $OH^-$ आयन संद्यनित होकर $H_2O$ तथा $O_2$ बनाते हैं
- इस प्रकार पूरी प्रकाशिक अभिखिया के दौरान ATP, $NADPH_2$, $O_2$ बनते हैं।

### 2. अप्रकाशिक अभिखिया (Dark reaction)

- यह प्रखिया हरित लवक के स्टञेमा भाग में होती है। इ प्रखिया के दौरान $CO_2$ का कार्बोहाइडञ्ट में अपचयन होता है और अपचयन में खर्जा के रूप में ATP तथा $NADPH_2$ का प्रयोग होता है जो अपचयन के लिए हाइडञेजन प्रदान करता है। इस प्रखिया को **कैल्विन चख** (Calvin Cycle) भी कहते हैं।

**सारांश**- प्रकाश अभिखिया में बन ATP तथा $NADPH_2$ अप्रकाशिक अभिखिया में $CO_2$ को कार्बोहाइडञ्ट में बदलने के काम आते हैं

## अमीबा में पोषण

- अमीबा में अंत: कोशिय पाचन होता है
- यह जल में प्लवित होने वाले सक्ष्मदर्शीय प्राणियों एवं पादपों को आहार बनाता है

**पोषण की विखिा**

- यह भक्षकाण खिया (Phagocytosis) विखिा द्रारा खाद्य ग्रहण करता है।
- अंतर्ग्रहण (Ingestion), पाचन (Digestion), स्वांगीकरण (Assimilation) एवं बहि:क्षेपण (Egestion) पोषण के विभिन्न चरण हैं।
- अमीबा कूटपाद (Pseudopodia) की संरचना कर खाद्य को ग्रहण करता है।

**टिडडे में पोषण** (Nutrition in Grass-hopper)

- शाकाहारी होते हैं।
- खाद्य ग्रहण करने के लिए अपने अग्रपाद (Forelegs) और मखांग का प्रयोग करते हैं
- पाचन तंत्र में अग्रांत्र (Foregut), मखयांत्र (Midgut) और पश्चांत्र (Hindgut) होते हैं।
- मखयांत्र के अग्र सिरे पर छ: जोड़ी लम्बवत ग्रंथियाँ उपस्थित होती है जिन्हे यखतीय अंखानाल (Hepatic Caeca) कहते हैं। यह आमाशय में खलता है
- **मैलपीजी नलिकाएं** (Malpighian tubules)- उत्सर्जी अंग हैं।

## मनष्य में पाचक तंत्र

**(Digestive System in Man)**

- मनष्य के पाचन तंत्र को दो भागों में बाँटा जाता :
  1. आहार नाल (Alimentary Canal)
  2. संबद्ध पाचन ग्रन्थियाँ (Associated Digestive Glands)

**1. आहार नाल के प्रमख भाग**

i) मख गहिका (Mouth cavity)

ii) ग्रास नली (Oesophagus or foodpipe)

iii) आमाशय (Stomach)

iv)**आँत** (Intestine)- छोटी आँत (Small Intestine). बडी आँत (Large Intestine)

- छोटी आँत का प्रारम्भिक भाग अंग्रेजी अक्षर 'U' की तरह मुड़ा रहता है। इसे **ग्रहणी** (Doudenum) कहते हैं। इस मोड पर अग्नाशय (Pancreas) पाया जाता है तथा पिखा वाहिनी (Bile duct) तथा अग्नाशय वाहिनी (Pancreas duct) मिलकर ग्रहणी में ही खलती है।
- **बड़ी आँत**– यह वहदान्त्र (Colon) तथा मलाशय (Rectum) में बँटा है।

**2. पाचन ग्रन्थियाँ**

i) **लार ग्रन्थियाँ** (Salivary Glands)- यह मख गहिका में लार खावित करने का काम करती है

ii) **यखत** (Liver)- इसमें पिखा (Bile) नामक रस बनता है जो पिखााशय (Gall bladder) में एकत्रित होता पिखााशय से पिखा वाहिनी (Bile duct) ग्रहणी में खलती है। इसका pH 7.7 होता है।

iii) **अग्नाशय** (Pancreas)- इससे अग्नाशय रस निकलत है। अग्नाशयी नलिका भी ग्रहण (Duodenum) में खुलती है। अग्नाशय रस का pH (क्षारीय) 7.6 से 7.8 होता है।

## मनष्य में पाचन खिया

**(Process of Digestion)**

- मुख गुहिका में उपस्थित लार ग्रन्थियों का लार भोजन मिल जाता है तथा इसमें उपस्थित एमाइलेज या टाई एंजाइम मांड (स्टार्च) को माल्टोज या सुखोस में परिवर्तित करता है और माल्टेज या सखोस एंजाइम माल्टोज ग्लकोस में बदलता है
- लार से खावित लाइसोजाइम एन्जाइम **भोजन में उपस्थित जीवाणओं** को मार देता है
- आमाशय (Stomach) में जठर ग्रन्थियों (Gastric glands) द्वारा जठर रस निकलता है जिसमें. पेप्सिन, रेनिन तथा जठर लाइपेज, पाये जाते हैं, साथ HCl भी निकलता क्योंकि जठर रस के एंजाइम अम्लीय माखयम में कार्य करने में सक्षम होते हैं।
- HCl का मुख्य कार्य जठर रस में उपस्थित अखिय एन्जाइम को सखिय एन्जाइम में बदलना

## अमाशय के एंजाइम के कार्य

**1. पेप्सिन**

पेप्सिन

प्रोटीन प्रोटियोसेस + पेप्टोन्स तथा पॉलिपेप्टाइड
एंजाइम

**2. दग्धा प्रोटीन ( केसीन ) की खिया**

HCl activater

i) प्रोरेनिन (inactive) रेनिन (active)

gastic renin

ii) केसीन पेराकेसिन+ कैल्सियम पेराकेसिनेट

प्रोटियोसेस पेप्टोन्स

पाली पेप्टाइडस अमीनो अम्ल

**3. आमाशयी लाइपेज**

- आमाशय में अम्लीय माखयम होता है जबकि लाइपेज क्षारीय माखयम में कार्य करता है इसलिए वसा का पर्ण पाचन ग्रहणी में अग्नाशयी लाइपेज द्वारा होता है

जठर लाइपेस

चर्बी (Fat) चर्बी के छोटे-छोटे कण में बदलना
(Emulsion)

- आमाशय से काइम नामक गाढा पदार्थ उत्सर्जित होता है जो भोजन के मंथन से बनता है
- इसके पश्चात भोजन इलियम में पहुँचता है जहाँ इसे **काइल** (Chyle) कहा जाता है. यहीं आन्त्ररस (Intestinal juice) निकलता है
- आन्त्ररस में पाए जाने वाले एन्जाइम तथा उनके कार्य

**1. डरेप्सिन**

पेप्टोन+प्रोटीन अमीनो अम्ल

**2. माल्टोस**

माल्टेस ग्लकोस

**3. इन्वर्टेस**

शक्कर ग्लकोस

**4. लैक्टोस**

लैक्टोस ग्लैक्टोस
आर्जिनेज

5. आर्जीनीन अमीनो अम्ल यरिया

- छोटी आँत में स्थित सूक्ष्मांकुरों (Villi) द्वारा कोशिकाएं पदार्थों को अवशोषित कर लेती है तथा उन्हें रुधिार व लसीका मे पहँचा देती है।
- बिना पचा काइल बड़ी आँत में जाता है। यहाँ पानी अवशोषण होता है। शेष मल के रूप में मलाशय (Rectum) में एकत्रित होकर गदा (Anus) द्वारा बाहर निकल जाता है

Gupta Classes

# 7. उत्सर्जन

- ष्ठारीर के विभिन्न कोष्ठिकाओं में जैव रासायनिक क्रियाएँ होती रहती हैं, जिससे अपष्ठिष्ट पदार्थ बनते हैं, अपष्ठिष्ट पदार्थ का अधिक मात्रा में एकत्रित होना ष्ठारीर के लिए हानिकारक होता है।
- हानिकारक अपष्ठिष्ट पदार्थ की अधिक मात्रा को ष्ठारीर से निष्कासित करने के जैविक प्रक्रम को **उत्सर्जन** (Excretion) कहते हैं।
- ष्ठारीर में जल की उचित मात्रा तथा उपयुक्त आयनों का संतुलन बनाए रखना परासरण-नियमन (Osmo-regulation) कहलाता है।
- उत्सर्जन तथा परासरण-नियमन दोनों साथ-साथ चलते हैं। इन्हें सम्पादित करने वाले अंगतंत्र को मूत्र-तंत्र या उत्सर्जन तंत्र कहते हैं।

## प्राणियों में उत्सर्जन

**(Excretion in Animal)**

- अमीबा तथा अन्य एक कोष्ठिकीय प्राणियों में संकुचनष्ठील रिक्तिका (Contractile vacuole) उत्सर्जन तथा परासरण-नियमन का कार्य करती है।
- स्पंज (Sponges) और Cnidaria (नाइडेरिया Ex-हाइड्रा) में अपष्ठिष्ट पदार्थ क्रमष्ठा: ऑस्कुलम एवं मुखद्वार (Oral opening) द्वारा विसरित होती है।
- चपटे कृमियों (Flat worm) में उत्सर्जन की इकाई एक कोष्ठिकीय होती है जिन्हें **ज्वाला कोशिका** (Flame cell) कहते हैं।
- उच्चतर जंतुओं में विभिन्न नलिकाकार संरचनाएं उत्सर्जन अंग बनाती है।
- केचुएं (Earthworm) में नलिकाकार संरचनाएं **वष्ठ्क** (Nephridia) कहलाती है।
- मनुष्य में सूक्ष्म और बारीक नलिकाएं होती है जिसे **वक्काणु** (नेफ्रान) कहते हैं।
- मनुष्य में दो वष्ठ्क होते हैं तथा प्रत्येक वष्ठ्क में लगभग 10 लाख वष्ठ्काणु (नेफ्रान) होते हैं।
- प्रोटोजोआ तथा अकोष्ठिकीय जीव में उत्सर्जन अंग नहीं होते। उत्सर्जी पदार्थ विसरण द्वारा प्लाज्मा झिल्ली (Plasma membrane) से होकर निष्कासित होता है।
- आर्थोपोडा जन्तुओं में उत्सर्जन भिन्न प्रकार से होता है,

**उदाहरण-**

- पेलिमोन जो क्रेस्टेष्ठिया वर्ग का जन्तु है, में हरित ग्रंथि द्वारा उत्सर्जन होता है।
- कॉकरोच जो कीट वर्ग में है, में उत्सर्जन अंग मैल्पीघि नलिकाओं (Manphigian tubes) द्वारा होता है।

## उत्सर्जी पदार्थों के आधार पर जन्तुओं का वर्गीकरण

**अ) अमोनोटेलिक** (Ammonetelic)

- इन जन्तुओं का उत्सर्जी पदार्थ मुख्यत: अति विषैली **अमोनिया** है, उदाहरण- कुछ मछलियाँ, सभी प्रोटोजोआ, पेरीफेरा अन्य अकष्ठेरूकी उभयचर (Amphibian)

**ख) यूरिकोटेलिक** (Uricotelic)

- मुख्य उत्सर्जी पदार्थ कम विषैला **यूरिक अम्ल** है, उदाहरण – सरीसष्ठ, पक्षी (Aves) तथा कीट
- जल में अघुलनष्ठील, ठोस अथवा अर्द्धठोस स्वरूप

**स) यूरिओटेलिक**

- मुख्य उत्सर्जी पदार्थ यूरिया है, उदाहरण- स्तनियों, केंचुओं, घड़ियाल कुल के सदस्यों में।

| उत्सर्जी अंग | उत्सर्जी पदार्थ |
|---|---|
| वष्ठ्क (Kidney) | नाइट्रोजनी पदार्थ। |
| त्वचा (Skin) | स्वेद ग्रंथियाँ द्वारा पानी यूरिया एवं अन्य लवण। |
| फुप्फुस (Lungs) | $CO_2$ |
| आँत (Intestine) | इनकी परत कुछ लवणों का उत्सर्जन करती है, जो मल के साथ बाहर निकल जाते हैं। |
| यकृत (Liver) | नाइट्रोजनी पदार्थों को निष्कासित करने में सहायक। |

## मनुष्य में उत्सर्जन

- मनुष्य का उत्सर्जन तंत्र उदरगुहा (Abdomen) में स्थित होता है।
- इसमें सेम के बीज की आकृति के दो वृक्क होते हैं। प्रत्येक से एक वाहिनी निकलती है जिसे मूत्र वाहिनी कहते हैं। मूत्राशय में एकत्रित मूत्र मूत्रमार्ग द्वारा शरीर से बाहर निष्कासित हो जाता है।
- उत्सर्जन हेतु प्रत्येक वृक्क लाखों इकाईयों का बना होता है जिसे **वक्क नलिकाए** (Nephron) कहते हैं। यह वृक्क की संरचनात्मक एवं क्रियात्मक इकाई है। यह आंशिक रूप से वृक्क मेडुला और वृक्क कार्टेक्स में स्थित होता है।
- प्रत्येक वृक्क नलिका का ऊपरी सिरा एक प्याले की आकार की रचना बनाती है जिसे **बोमन संपट** (Bowman's capsule) कहते हैं।
- बोमन संपुट में रूधिर वाहिनियों का सघन गुच्छा होता है इसलिए इसे कोशिका गुच्छ (Glomerulus) भी कहते हैं। यह Filtration (छनने) का कार्य करता है।
- ये कोशिकाएं वृक्क में आने वाली उस धमनी के विभाजन से बनती है जिसमें अवशिष्ट पदार्थ युक्त रुधिर प्रवाहित होता है।
- बोमन संपुट वृक्क नलिका का प्रवेश द्वार है।
- वृक्क धमनी (Renal arteries) द्वारा अपशिष्ट पदार्थ वृक्क में आते हैं।
- कोशिका गुच्छ की कोशिकाओं से रूधिर का तरल भाग छनकर बोमन संपुट में आता है जैसे-जैसे यह वृक्क नलिका में प्रवाहित होता है ग्लूकोज एवं एमीनो अम्ल लवण आदि जैसे उपयोगी पदार्थ वृक्क नलिका के चारों ओर बने कोशिका जाल द्वारा पुनः अवशोषित हो जाते हैं।
- वृक्क नलिकाएं अपशिष्ट पदार्थों को वृक्क के भीतरी भाग में प्रवाहित कर देती हैं जहाँ से यह मूत्राशय तक चला जाता है। मूत्र त्यागने तक यह मूत्राशय में एकत्रित रहता है।
- मनुष्य के मूत्र में मुख्यतः यूरिया, कुछ मात्रा में यूरिक अम्ल, अकार्बनिक लवण तथा जल होता है।

### मूत्र निर्माण

नेफ्रॉन उत्सर्जी तथा परासरण नियमन प्रकार्यों को तीन चरणों में पूरा करते हैं:

(i) परानिस्पंदन (Ultrafiltration)

(ii) चयनात्मक पुनःअवशोषण (Selective reabsorption)

(iii) नलिकीय स्रवण (Tubular secretion)

## डायालिसिस ( अपोहन )

- संक्रमण, आघात, रुधिर प्रवाह में अवरोध के कारण वृक्क निष्क्रिय हो सकते हैं। ऐसी अवस्था में रूधिर में अपशिष्ट पदार्थों का निस्पंदन करने, उसमें जल तथा आयन की पर्याप्त मात्रा बनाए रखने आदि के लिए कृत्रिम वृक्क नामक उपकरण का प्रयोग किया जाता है, जो डायालिसिस (Dialysis) नामक तकनीक पर आधारित होती है।
- किसी अन्य व्यक्ति के सुमेलित वृक्क का, रोगी के शरीर में प्रत्यारोपण (Transplant) भी किया जा सकता है।
- डायालिसिस के नियम अपोहन के उपकरण में सेल्युलोज की लम्बी कुंडलित नलियाँ अपोहन विलयन से भरी टंकी में लगी होती है। यह रुधिर इन नलियों से प्रवाहित होता है तब अपशिष्ट पदार्थ विसरित होकर टंकी के विलयन में आ जाता है। स्वच्छ रुधिर रोगी के शरीर में पुनः प्रविष्ट करा दिया जाता है।

Gupta Classes

# 8. जन्तुओं में परिवहन

- जन्तुओं में पचे हुए पोषक पदार्थों तथा श्वासनांगो द्वारा वातावरण से ग्रहण की गई ऑक्सीजन को समस्त कोशिकाओं में पहुँचाने के लिए परिसंचरण तंत्र (Circulatory system) होता है।
- रोगजनकों का विनाश करके शरीर की सुरक्षा करना।
- परिसंचरण तंत्र कोशिकाओं से $CO_2$ को श्वसनांगो में तथा यूरिया आदि को उत्सर्जी अंग वृक्क (Kidney) तक पहुँचाता है।
- हार्मोनों का अभिगमन।
- शरीर की विभिन्न कोशिकाओं के बीच रासायनिक आदान-प्रदान भी परिसंचरण तंत्र द्वारा होता है।
- ऊष्मा का समान वितरण।
- परिसंचरण तंत्र दो भागों में विभक्त है:
  - i) रुधिर परिसंचरण तंत्र (Blood Circulatory system)
  - ii) लसीका तंत्र (Lymphatic system)

## रुधिर परिसंचरण तंत्र

**(Blood Circulatory System)**

- परिवहन तंत्र में तीन पदार्थों की आवश्यकता होती है-

i) भ्रमण करने वाले द्रव (रुधिर)

ii) संकुचनशील अंग जिसके द्वारा द्रव्य को समस्त शरीर में भेजा जा सके (रुधिर वाहिनी या हृदय)

iii) नलिका जिसमें होकर रुधिर शरीर के प्रत्येक भाग में भ्रमण करता है, उदाहरण- धमनी, शिरा।

### रुधिर वाहिनी (Blood vessels)

- यह रूधिर को हृदय से अंगो की ओर ले जाती है तथा ऊतकों से रूधिर को लेकर हृदय की ओर ले जाती है।

**रुधिर वाहिनी के प्रकार**

i) **धमनी** (Arteries)- वह रुधिर वाहिनी जो रुधिर को हृदय से अंगो की ओर ले जाती है उसे धमनी कहते हैं।

ii) इसमें ऑक्सीजनयुक्त रक्त प्रवाहित होता है।

iii) पुफ्फुस धमनी एक मात्र धमनी है जिसमें विऑक्सीजन रक्त बहता है।

iv) **धमनिका** (Arterioles)- धमनियों की महीन शाखाएँ धमनिका कहलाती है।

v) **रुखिार केशिकाएं** (Blood capillaries)- धमनिकाएं अनेक महीन शाखाओं में बँट जाती है जो ऊतकों की कोशिकाओं के बीच स्थित होती है, रूधिर केशिकाएं कहलाती है।

vi) **लघ शिराएं** (Venule)- रुधिर केशिकाएं ऊतक के भीतर पुनः जुड़कर कुछ बड़ी वाहिनियों का निर्माण करती है, इन्हें लघुशिरा कहते हैं।

vii) **शिराएं** (Veins)-

(i) लघुशिराएं आपस में मिलकर शिराएं बनाती है जो रूधिर को ऊतकों से लेकर हृदय की ओर ले जाती है।

(ii) इनमें अशुद्ध रक्त बहता है।

(iii) फुफ्फुस शिरा एकमात्र शिरा है जिसमें शुद्ध रक्त बहता है।

**परिवहन तंत्र के प्रकार**

- उच्च श्रेणी के अकशेरुकियों तथा कशेरूकियों में दो प्रकार का परिवहन तंत्र होता है:
  - i) खुला परिवहन तंत्र (Open circulatory system)
  - ii) बन्द परिवहन तंत्र (Closed circulatory system)
- बन्द परिवहन तंत्र, खुले परिवहन तंत्र से अधिक विकसित है। खुला परिवहन तंत्र अधिकांश आर्थोपोडा संघ (उदाहरण- कॉकरोच, तिलचट्टा आदि) के जन्तुओं में पाया जाता है तथा बंद परिवहन तंत्र मनुष्य व सभी कशेरूकियों में पाया जाता है।

## परिवहन तंत्र का जन्तुओं में विकास

**(Development of transport system in animals)**

i) **प्रोटोजोआ** संघ के जन्तु अकोशिकीय जन्तु हैं। इसमें परिवहन तंत्र नहीं होता। इसका जीवद्रव्य तरल रूप में एक कोशिकीय शरीर में भ्रमण करता है। जिसे **प्रवाही गति** कहते हैं। पैरामिशियम में यह साइक्लोसिस कहलाता है।

ii) **स्पंजो** में नाल तंत्र (Canal system) पाया जाता है जिसमें परिवहन तंत्र जल धारा के रूप में होता है। यह अल्प विकसित बाह्य परिसंचरण तंत्र है।

iii) **चपटे कृमियों** की देह भित्ति बहुत पतली होने के कारण इनके ष्ठारीर की सतह से विसरण द्वारा पदार्थों का वातावरण से आदान प्रदान होता है। (उदाहरण- Tapeworm, liver fluke)

iv) **ऐनेलिडा** संघ के जन्तुओं में निम्न श्रेणी का बन्द प्रकार का परिवहन तंत्र होता है जिसके फलस्वरूप रूधिर केवल धमनियों तथा ष्ठिराओं में बहता है। इनमें रूधिर कणिकाएं नहीं होती। इन कृमियों में 7-11 खण्ड में पाँच जोड़ी कूट हृदय पाये जाते हैं। इसका रूधिर लाल होता है क्योंकि इसमें हीमोग्लोबिन पाया जाता है, उदाहरण- केंचुआ, जोंक, नेरीस।

v) **आर्थोपोडा** संघ के जन्तुओं में परिवहन खुले प्रकार का पाया जाता है। इसमें गैसों का आदान-प्रदान **ट्रेकियल** तंत्र से होता है। इसका रूधिर रंगहीन होता है। इनके रूधिर में हीमोग्लोबिन के बजाय **हीमोसायनिन** (Haemocyanin) पाया जाता है, उदाहरण- कॉकरोच आदि।

vi) **निम्न कष्ठेरूकियों** में हृदय एक नलिका के रूप में होता हैं जिसमें आलिन्द (Atrium or Auricle) तथा निलय (Rentricle) नहीं होता। स्कांलियोडान मछली में हृदय एक नलिका के रूप में होता है। यह साइनस वेनोसस (Sinus venosus), ऐट्रियम (Atrium), निलय (Rentricle) और कोनस आर्टीरियोसिस (Conus Arteriosis) के रूप में होता है, उदाहरण- मेंढक।

vii) **Amphibians** के हृदय में तीन वेष्ठम (Chamber) होते हैं। इसमें दायां आलिन्द तथा बायां आलिन्द एवं निलय होते हैं। इसमें ऑक्सीकृत व अनॉक्सीकृत रूधिर मिश्रित होते हैं।

viii) **सरीसष्ठों (Reptiles)** में भी तीन वेष्ठम होते हैं परन्तु घड़ियाल (क्रोकोडाइल) में चार वेष्ठम दो आलिन्द तथा दो निलय होते हैं।

ix) **पक्षियों (Birds)** तथा स्तनियों (Mammals) में भी चार वेष्ठम, दो आलिन्द तथा दो निलय होते हैं।

## मानव हृदय तथा मानव में रुधिर परिसंचरण

**(Human Heart and Circulation of Blood in Human)**

- मानव हृदय चार कोष्ठीय अंग है। ऊपर वाले दो कोष्ठ आलिन्द (Auricle) तथा नीचे वाले दो कोष्ठ निलय (Ventricle) कहलाते हैं। मानव हृदय, हृदय पट के कारण दो भागों में विभक्त है– दायां तथा बांया भाग। हृदय के दांयी तरफ से अनॉक्सीकृत रूधिर का परिवहन होता है और बांयी ओर से आक्सीकृत रुधिर का परिवहन होता है। दोनों प्रकार के रुधिर कभी भी मिश्रित नहीं होते इसलिए इसे **दोहरा परिसंचरण तंत्र** कहते हैं।

**प्रक्रिया** (Process)

i) हृदय का दाहिना आलिंद अनॉक्सीकृत रूधिर, ष्ठारीर के विभिन्न भागों से अग्र-पष्ठच महाष्ठिरा द्वारा प्राप्त करता है। इसके पष्ठचात रूधिर दांये आंलिद से दांये निलय में एक छिद्र द्वारा पहुँचता है जिस पर वाल्व होते हैं। जो रूधिर को विपरीत दिष्ठा में बहने से रोकता है। दांये निलय से रूधिर फुप्फुसीय धमनी द्वारा फेफड़ों तक जाता है, जहाँ पर यह रूधिर ऑक्सीकृत होता है।

ii) हृदय के बायें आलिंद में फुप्फुसीय ष्ठिरा से ऑक्सीकृत रुधिर पहुँचता है। बाएं आलिंद से यह रूधिर बाएं निलय में एक छिद्र द्वारा पहुँचता है जिस पर वाल्व लगे होते हैं। यह आक्सीकृत रूधिर बाएं निलय से सिस्टेमिक महाधमनी द्वारा ष्ठारीर के विभिन्न अंगो में भेजा जाता है।

